>

Title : Need to give compensation to the farmers and waive off the electricity bill.

श्री बद्रीराम जाखड़ (पाली): सभापति महोदय, आपने मुझे बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। हमारे एरिया जोधपुर और पाली में एक महीने पहले ज्यादा बरसात होने के कारण जीरा, रायड़ा और ईसबगोल बर्बाद हो गया और इससे किसान भी बर्बाद हो गया। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि किसानों के लिए बिजली का बिल माफ होना चाहिए और उन्हें मुआवजा मिलना चाहिए। हमारे यहां पूर्वजनों ने कहा था कि मत बा पर्णिया जीरो, जीरो, जी रो बेरी। हमारे यहां क्या होता है? जीरा बाजार में हमारा भयंकर नुकसान हो गया, किसान बर्बाद हो गया। इसलिए मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि उन्हें मुआवजा मिलना चाहिए और उनका बिजली का बिल माफ होना चाहिए। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

सभापति महोदय : श्री अर्जुन राम मेघवाल।

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): धन्यवाद। आपने पगड़ी से पगड़ी मिलायी।

सभापति महोदय : पगड़ी का ट्रैंगुल बन गया।